बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

# मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना

**इस योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना, जन्म निबंधन तथा कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना, बालिका शिशु मृत्यु दर को कम करना, बाल विवाह पर अंकुश लगाना है।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त राशि कन्या शिशु के माता–पिता के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है।



**₹2000/-**

कन्या के जन्म पर भेंट स्वरूप



**₹1000/-**

कन्या के 1 वर्ष पूर्ण होने पर, प्रथम जन्म दिवस के भेंट स्वरूप

अन्य विभागों द्वारा प्रदत्त राशि



कन्या शिशु के 2 वर्ष से लेकर स्नातक उत्तीर्ण करने तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा समय–समय पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

## लाभुक द्वारा ऑनलाईन आवेदन:-

ई-कल्याण पोर्टल http://icdsonline.bih.nic.in/ पर आवेदक द्वारा स्वयं ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

**पोर्टल पर आवेदन करने से पूर्व माता का आधार एवं बैंक खाता विवरणी तैयार रखें। 1-2 वर्ष के कन्या शिशु के लिए बच्चे का जन्म पंजीकरण तथा आधार पंजीकरण आवश्यक रूप से करा लें।**

## लक्ष्य समूह

- ✓ योजना का लाभ प्रथम क्रम की दो कन्या संतानों को ही देय होगा।
- ✓ दूसरी संतान जुड़वा होने की स्थिति में जुड़वा संतानों में कन्या शिशु को इस योजना का लाभ देय होगा।
- ✓ अगर प्रथम संतान बालिका हो दूसरी संतान जुड़वा बालिका हो तो ऐसी स्थिति में तीनों कन्या शिशु को लाभ देय होगा।
- ✓ इस योजना का लाभ बिहार के निवासी परिवार को ही देय होगा।

**अधिक जानकारी के लिए निकटतम बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/जिला प्रोग्राम पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।**

PR No.- 0069936 (SWD)D. 2023-24

समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS) निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में जारी

आई.सी.डी.एस. निदेशालय, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना - 800001 | वेबसाइट: icdsbih.gov.in

Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate icds_directorate

Watch us on www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar